दिनांक 1 मार्च 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल के लिए सिटी बस सेवा प्रारंभ, मिलेगी सुविधा

भिलाई नगर/ चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल अस्पताल तक आने-जाने के लिए सिटी बस की सेवाएं प्रारंभ हो गई है। सीसीएम के लिए सिटी बस का परिचालन चालू कर दिया गया है। इसके बाद से अब सीसीएम कचांदूर तक जाने के लिए लोगों को आवागमन की अच्छी सुविधा मिल पाएगी। उल्लेखनीय है कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सिटी बस सेवा प्रारंभ की गई है , कई रूट पर सिटी बस सेवा सड़कों पर दौड़ने लगी है तथा लोग इन बसों के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं और सिटी बस की सुविधा का लाभ ले रहे है।